>

Title: Need to take steps for prohibition of alcohol in the country.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): आदरणीय सभापति जी, जैसा कि आप जानते हैं कि आजकल हमारे देश में नशीली चीजों के सेवन में बढ़ोतरी हो रही है। विशेषकर शराब का व्यसन बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू.एच.ओ.) तथा संयुक्त राष्ट्र संघ (यू.एन.ओ.) द्वारा देश में पिछले दशक में कराये गए एक सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक शराब एक गम्भीर समस्या बन चुकी है। आठवीं-नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे भी इसके शिकार हो रहे हैं। हमारी युवा पीढ़ी शराब व सिगरेट के कारण बर्बाद हो रही है। लोग इस गम्भीर बीमारी के शिकार होने के साथ ही आर्थिक रूप से भी खोखले हो जाते हैं। इसमें सबसे ज्यादा तकलीफ महिलाओं को होती है, क्योंकि शराबी पति के कारण परिवार बर्बाद हो जाता है। ऐसी स्थिति में युवा पीढ़ी को बचाना बहुत जरूरी है, क्योंकि वही तो हमारी सच्ची ताकत है।

महोदय, विडम्बना यह है कि राजस्व की लालसा में सरकार एक तरफ धड़ल्ले से भारी भरकम राशि लेकर शराब के लाइसेंस बांटती है तथा देशी या विदेशी शराब के धंधे से काफी टैक्स की वसूली करती है और बाद में उसी धन के द्वारा शराब के कारण गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों के लिए अस्पताल बनाती है। साथ में लोगों को नशाबंदी के लिए आवाज उठाने या आंदोलन के लिए प्रेरित भी करती है और आवाज उठाने पर आंदोलन करने पर कानून व्यवस्था के नाम पर पुलिस भी भेजती है। देश की जनता के साथ यह कैसा क्रूर मजाक है।

महोदय, मेरे गृह राज्य महात्मा गांधी के गुजरात में नशाबंदी लागू है। इसके कारण गरीबों को काफी लाभ हुआ है। लेकिन हमारे राज्य से जुड़े हुए अन्य राज्यों में शराब की छूट है, जिसके कारण गैर कानूनी तरीके से हमारे राज्य में शराब की घुसपैठ होती है। ऐसे में नशाबंदी का अपेक्षित फायदा नहीं मिल रहा है। इस संबंध में सरकार से मेरी मांग है कि पूरे देश में तत्काल मद्यनिषेध, नशाबंदी लागू करने के लिए तुंत कार्रवाई करें।

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet again at 11 a.m. on Friday, September 6, 2013.

21.43 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Friday, September 6, 2013 / Bhadrapada 15, 1935 (Saka).

---

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* English translation of the Speech originally delivered in Kannada

* Not recorded.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Not recorded.

*Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section −2, dated 05.09.2013.

** Introduced with the recommendation of the President.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

* The Bill was passed by Lok Sabha on 29.8.2013 and transmitted to Rajya Sabha for its concurrence. Rajya Sabha passed the Bill with amendments at its sitting held on 4.9.2013 and returned it to Lok Sabha on 5.9.2013.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.